अमर उजाला

बरेली
शुक्रवार, 22 सितंबर 2017
amarujala.com

PAGE NO. : 12 MIDDLE LEFT

इलाज के लिए गांव-गांव घूमेगी बस

बरेली। जिन गांव के लोगों की पहुंच से अस्पताल दूर हैं, उनको सहूलियत देने के लिए श्रीराम मूर्ति स्मारक ट्रस्ट ने जिम्मा उठाया है। एसआरएमएस मेडिकल इंस्टीट्यूट की ओर से एक मोबाइल टेलीमेडिसिन बस चलाई जाएगी। 23 सितंबर को इसका शुभारंभ प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह और वित्त मंत्री राजेश अग्रवाल करेंगे। नैनीताल रोड पर गांव भैरपुरा में मोबाइल टेलीमेडिसिन बस और टेलीमेडिसिन ई-हेल्थ सेंटर के तहत मरीजों का इलाज कर दवाएं दी जाएंगी। टेलीमेडिसिन बस में कई तरह की सुविधाएं होंगी। बस में डॉक्टर के अलावा पैरा मेडिकल स्टाफ होगा जो गांवों में जरूरी परामर्श के साथ दवा वितरण करेगा। एसआरएमएस ने इससे पहले भी एक बस गांवों के लिए चलाई है। ट्रस्ट के संस्थापक देवमूर्ति और प्रशासक सुभाष मेहरा ने बताया कि 23 सितंबर को दोपहर 2 बजे मेडिकल इंस्टीट्यूट परिसर में सेवा का शुभारंभ होगा।